# संकट में भी 7.8% जीडीपी ग्रोथ

- मोदी फिर बोले- जरूरत हो तो ही खरीदें सोना
- अथव्यवस्था उम्मीद से आगे हो रही मजबूत

**नई दिल्ली, 01 सितंबर. भारत की अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत की विकास दर दर्ज की है. इस प्रदर्शन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुशी जताई और इसे देश के बढ़ते आत्मविश्वास का संकेत बताया.**

उन्होंने कहा कि दुनिया कई तरह के संकटों से गुजर रही है, इसके बावजूद भारत की आर्थिक रफ्तार मजबूत बनी हुई है. प्रधानमंत्री ने इंस्टाग्राम पर साझा किए गए वीडियो संदेश में पहली तिमाही के जीडीपी आंकड़ों का जिक्र किया. उन्होंने कहा कि देश ने उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया है. आंकड़ों के मुताबिक पहली तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही, जो भारतीय रिजर्व बैंक और कई विशेषज्ञों के अनुमान से अधिक बताई गई.

### 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भरता को 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य से जोड़ते हुए कहा कि देश को इस दिशा में सामूहिक संकल्प के साथ आगे बढ़ना होगा. उन्होंने भरोसा जताया कि स्वदेशी और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देकर भारत स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने तक युवा पीढ़ी के सामने विकसित राष्ट्र के रूप में खड़ा हो सकेगा. प्रधानमंत्री ने देश की मजबूत आर्थिक वृद्धि को लेकर उत्साह जताया, लेकिन साथ ही कहा कि भारत के भीतर कुछ लोग निराशा का माहौल बनाने में लगे हुए हैं. उन्होंने लोगों से सकारात्मक सोच के साथ देश की विकास यात्रा में योगदान देने का आह्वान किया.

प्रधानमंत्री ने लोगों से अनावश्यक रूप से सोना खरीदने से बचने की अपील की. उनका कहना था कि यदि सोने की जरूरत नहीं है तो उसकी खरीदारी टाली जा सकती है. इसके साथ ही उन्होंने भारतीयों से विदेशों में शादी समारोह आयोजित करने के बजाय देश में ही विवाह करने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि इस तरह के फैसलों से विदेशी मुद्रा की बचत हो सकती है और देश के भीतर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा. प्रधानमंत्री ने 'लोकल वोकल' के साथ 'भारत में शादी' की अपील को आत्मनिर्भर भारत के व्यापक लक्ष्य से जोड़ा.

## कौशांबी पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट के बाद एक्शन मालिक गिरफ्तार

**कौशांबी, 1 सितंबर.** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट के बाद प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है. चरवा क्षेत्र के चिल्ला शहबाजी गांव में हुए हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई थी. धमाका इतना जोरदार था कि आसपास के मकानों और एक अन्य कारखाने को भी नुकसान पहुंचा. घटना के बाद शासन के निर्देश पर पुलिस और प्रशासन ने फैक्ट्री संचालक नौशाद के खिलाफ कार्रवाई शुरू की. देर शाम उसकी तीन दुकानों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया. दुकानों का इस्तेमाल पटाखों के भंडारण के लिए गोदाम के रूप में किया जा रहा था.


# जीडीपी के जश्न में महंगाई का बोलबाला

### मोदी सरकार के दावों पर कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने साधा निशाना

**नयी दिल्ली, 1 सितंबर (एजेंसी). कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अर्थव्यवस्था को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा है कि सरकार सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि का जश्न मना रही है लेकिन हकीकत यह है कि आम आदमी बेरोजगारी, महंगाई और बढ़ती असमानता जैसी समस्याओं से त्रस्त है और उसके लिए इस सरकार में कुछ नहीं बदला है.**

खरगे ने मंगलवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखे एक पोस्ट में कहा कि बदलाव की बात करने वाली मोदी सरकार को समझना चाहिए कि जनता से झूठ बोलने के अलावा भाजपा शासन में कुछ नहीं बदला है. आम जनता अभूतपूर्व बेरोजगारी, असहनीय महंगाई और बेलगाम असमानता के बोझ तले दबी है. कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मोदी देश में जीडीपी वृद्धि का जश्न मनाने की बात कह रहे हैं, लेकिन आम आदमी के पास ऐसी खुशी मनाने की सुविधा नहीं है. उन्होंने कहा कि आम लोगों पर तीन 'यू'- अभूतपूर्व बेरोजगारी, असहनीय महंगाई और बेलगाम असमानता का बोझ है और इसके लिए प्रधानमंत्री जिम्मेदार हैं.

### आसमान पर पहुंचे दाम



कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि खुदरा महंगाई 19 महीने के उच्चतम स्तर पर है. चीनी, प्याज, टमाटर, दाल, खाद्य तेल, चावल और दूध जैसी रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं की कीमतें बढ़ी हुई हैं. पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और सीएनजी भी आम लोगों के लिए महंगे होते जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि मध्यम वर्गीय परिवार किसी तरह गुजारा कर रहे हैं, जबकि गरीबों ने उम्मीद छोड़ दी है.

# अमेरिका में दो भारतीय महिलाओं की नृशंस हत्या

- कैलिफोर्निया में वारदात, एक को गाड़ी से कुचला
- दूसरी महिला की चाकू मारकर की हत्या

**कैलिफोर्निया, 1 सितंबर. अमेरिका के कैलिफोर्निया में केरल की दो महिलाओं की मौत के मामले ने सनसनी फैला दी है. मिलपिटास स्थित एक अपार्टमेंट परिसर में हुई. मृतकों की पहचान केरल के त्रिशूर की 35 वर्षीय अंजना हरि और तिरुवनंतपुरम की 40 वर्षीय ऐन मैरी मैथ्यू के रूप में हुई है.**

मामले में पुलिस ने 32 वर्षीय एक महिला को हिरासत में लिया है, जो दोनों महिलाओं को जानती थी. हिट एंड रन की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को महिला गंभीर रूप से घायल मिली थी. पुलिस ने तत्काल जांच शुरू कर गाड़ी को नजदीकी पार्किंग स्थल से बरामद कर, चालक को गिरफ्तार कर लिया. दूसरी महिला ऐन मैरी मैथ्यू के बारे में बताया गया कि उन पर मिल क्रीक अपार्टमेंट्स परिसर के एक अपार्टमेंट के अंदर चाकू से हमला किया गया था. परिजनों ने हिरासत में ली गई महिला की पहचान अनिला के रूप में की है, जो केरल की रहने वाली है.

## मुरादाबाद डिवीजन में कवच 4.0 के लिए 170 करोड़ रुपए स्वीकृत

**चेन्नई.** भारतीय रेलवे ने उत्तरी रेलवे के मुरादाबाद डिवीजन में शेष 712 रूट किलोमीटर रेल खंड पर कवच वर्जन 4.0 लागू करने की मंजूरी दी है. इस परियोजना पर कुल 170 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे. स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच 4.0 की तैनाती से डिवीजन में रेल परिचालन की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा. स्वीकृत परियोजना के तहत मुरादाबाद डिवीजन के शेष 712 रूट किलोमीटर हिस्से में कवच 4.0 लगाया जाएगा. इसके जरिए चिन्हित रेल खंडों में ट्रेनों के परिचालन के दौरान एक अतिरिक्त और उन्नत सुरक्षा परत उपलब्ध होगी.

# आर्मी स्टेशन पर अब सिर्फ पीएनजी

### प्राकृतिक गैस को बढ़ावा देने के लिए सेना ने उठाया बड़ा कदम

**नई दिल्ली, 01 सितंबर. भारतीय सेना अब अपने सैन्य प्रतिष्ठानों में पारंपरिक ईंधन की जगह पाइप्ड नेचुरल गैस यानी पीएनजी को बढ़ावा देने की तैयारी में जुट गई है. पहले चरण में 41 आर्मी स्टेशनों को पीएनजी से जोड़ने का लक्ष्य है.**



इसी कड़ी में दिल्ली कैंट स्थित मानेकशॉ सेंटर में 'पीएनजी ट्रांजिशन वेबिनार-2026' आयोजित किया गया. सेना का लक्ष्य है कि जहां भी पीएनजी की सुविधा व्यवहारिक रूप से उपलब्ध है, वहां सैन्य प्रतिष्ठानों को चरणबद्ध तरीके से इससे जोड़ा जाए. सेना ने वित्त वर्ष 2026-27 में 41 आर्मी स्टेशनों को पीएनजी से जोड़ने का लक्ष्य तय किया है. इसके बाद इस व्यवस्था का विस्तार उन दूसरे सैन्य प्रतिष्ठानों तक किया जाएगा, जहां पीएनजी उपलब्ध कराना संभव होगा. यह पहल केंद्र सरकार के गैस आधारित अर्थव्यवस्था के विजन के अनुरूप है. सेना के लिए यह बदलाव ऊर्जा के अधिक कुशल इस्तेमाल के साथ-साथ एक अधिक टिकाऊ ईंधन व्यवस्था की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है. पीएनजी को सेना के प्रतिष्ठानों तक पहुंचाने की राह आसान बनाने का प्रयास भी किया जा रहा है. इसके लिए वेबिनार में 'इंडियन आर्मी पीएनजी गाइड' जारी की गई.

# बीजेपी नेता एच. राजा को राहत, हाईकोर्ट ने पलटी सजा

### दो आपराधिक मामलों में कोर्ट ने सुनाई थी सजा

**चेन्नई, 1 सितंबर. भारतीय जनता पार्टी नेता एच. राजा को मद्रास हाईकोर्ट ने दो आपराधिक मामलों में बड़ी राहत दी है.**

जस्टिस वी. लक्ष्मीनारायणन की अदालत ने उनकी दोनों आपराधिक अपीलें मंजूर करते हुए विशेष अदालत द्वारा सुनाई गई दोषसिद्धि और छह महीने की साधारण कैद के आदेश को रद्द कर दिया. यह सजा 2 दिसंबर 2024 को चेन्नई की सांसद-विधायक मामलों की विशेष अदालत ने सुनाई थी. पहला



मामला 18 अप्रैल 2018 को एच. राजा के एक्स अकाउंट से किए गए एक पोस्ट से जुड़ा था. इसमें पूर्व मुख्यमंत्री एम. करुणानिधि और उनकी बेटी कनिमोझी के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी. कनिमोझी उस समय राज्यसभा सदस्य थीं और वर्तमान में लोकसभा सांसद हैं. ट्रायल कोर्ट ने गवाहों की सुनवाई के बाद एच. राजा को तीनों धाराओं में दोषी ठहराया था और सजा एक साथ चलाने का आदेश दिया था.

## एक नजर में

### सार्वजनिक जगहों पर थूका तो 100 रुपये जुर्माना

**कोलकाता, 01 सितंबर (एजेंसी).** पश्चिम बंगाल सरकार ने मंगलवार को शहरी निकायों में घरों से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग करने की निगरानी के लिए एक क्यूआर-आधारित प्रणाली शुरू करते हुए लोगों से गीले और सूखे कचरे को घर पर ही अलग-अलग रखने तथा सार्वजनिक जगहों पर थूकने पर 100 रुपये का जुर्माना लगाने की घोषणा की है. गौरतलब है कि इस पहल के तहत हर घर को एक क्यूआर कोड दिया जाएगा, जिससे नगर निगम के कर्मचारी कचरा अलग करने के नियमों के पालन को रिकॉर्ड कर सकेंगे और वास्तविक समय में फीडबैक अपलोड कर सकेंगे. शहरी विकास और नगरपालिका मामलों (यूडीएमए) की मंत्री अग्निमित्रा पॉल द्वारा घोषित इस पहल के तहत खुले में शौच या पेशाब करने, कचरा फैलाने, अवैध रूप से कचरा फेंकने और प्रतिबंधित प्लास्टिक बैग का इस्तेमाल या उन्हें साथ रखने पर 200 रुपये का डिजिटल स्पॉट फाइन लगाया जायेगा. सार्वजनिक जगहों पर थूकने पर 100 रुपये का जुर्माना लगेगा.

### चंडीगढ़-मोहाली बॉर्डर पर किसानों का धरना

**चंडीगढ़, 1 सितंबर (एजेंसी).** चंडीगढ़-मोहाली बॉर्डर पर किसानों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर धरना शुरू कर दिया है. मोहाली की तरफ गोल्फ क्लब के पास किसानों ने आईआईएसईआर-जगतपुरा सड़क पर पंडाल लगाकर धरना शुरू किया है. किसानों के मुताबिक, यह धरना मंगलवार से लेकर सात सितंबर तक चलेगा. धरने में बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ पहुंचे हैं. करीब 1,000 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के पहुंचने से बॉर्डर और आसपास के इलाकों में यातायात प्रभावित हुआ है. स्थिति को देखते हुए मोहाली और चंडीगढ़ पुलिस ने यातायात परामर्श जारी किया है. बॉर्डर पर पुलिस की ओर से बैरिकेडिंग की गई है.

### अन्ना की हालत स्थिर, गुर्दे में संक्रमण



**मुंबई, 1 सितंबर (एजेंसी).** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के एक अस्पताल में सोमवार देर रात भर्ती कराए गए सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे (89) के स्वास्थ्य में मंगलवार को सुधार दर्ज किया गया. उनके एक सहयोगी ने बताया कि गुर्दे के संक्रमण की जानकारी सामने आने के बाद अब उनकी हालत में पहले से बेहतर है और वह ठीक हैं. अहिल्यानगर जिले के रालेगण सिद्धि स्थित अपने पैतृक गांव में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मुंबई के अस्पताल में स्थानांतरित किया गया था. पिछले पांच दिनों से उन्हें बुखार, कमजोरी, गुर्दे संबंधी समस्याएं और भूख न लगने की शिकायत थी. पहले उनका इलाज अहिल्यानगर में किया गया था, जहां शुरुआत में कुछ सुधार हुआ. हालांकि, क्रिएटिनिन का स्तर बढ़ने और अन्य चिंताओं के कारण उन्हें मुंबई स्थानांतरित कर दिया गया. अन्ना हजारे के सहयोगी दत्ता अवारी के अनुसार, रक्त जांच रिपोर्ट में गुर्दे के संक्रमण का पता चला है. बॉम्बे अस्पताल के चिकित्सक डॉ. गौतम भंसाली के अनुसार, उनकी मुख्य समस्या शरीर में पानी की गंभीर कमी और वायरल संक्रमण है.

# वादा करके ट्रंप फिर पलटे

### पेजेशियकन ने सीजफायर को लेकर लगाए आरोप

**बिश्केक (किर्गिस्तान), 1 सितंबर (एजेंसी). ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियन ने मंगलवार को कहा कि अगर अमेरिका 14-सूत्रीय सहमति पत्र के तहत अपने वादों को पूरा करता है, तो ईरान भी 'तुरंत प्रतिक्रिया' देगा.**

इसके साथ ही उन्होंने समझौते पर हस्ताक्षर होने के दो सप्ताह से भी कम समय में वाशिंगटन पर अपनी प्रतिबद्धताओं से पीछे हटने का आरोप लगाया. पेज़ेश्कियन ने बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन के 26वें शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि ईरान का अपने अंतरराष्ट्रीय दायित्वों और संधियों को पूरा करने का एक 'शानदार रिकॉर्ड' रहा है.



उन्होंने चेतावनी दी कि एकतरफा कार्रवाई, सैन्य बल का प्रयोग, अवैध प्रतिबंध और भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता को नुकसान पहुंचा रही हैं. पेज़ेश्कियन ने ईरान पर हुए हालिया अमेरिकी और इजराइली हमलों को संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून का स्पष्ट उल्लंघन बताया.


## तमिलनाडु के 52 बड़े मंदिरों में कैमरा वाले मोबाइल फोन पर बैन

**चेन्नई.** तमिलनाडु सरकार ने मंगलवार से राज्य के 52 बड़े मंदिरों में श्रद्धालुओं के कैमरा वाले मोबाइल फोन ले जाने पर रोक लगा दी है. मंदिरों की पवित्रता और आध्यात्मिक माहौल बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है. हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्त मंत्री रमेश ने स्पष्ट किया है कि यह पाबंदी सिर्फ कैमरा वाले मोबाइल फोन पर लागू होगी. बिना कैमरे वाले साधारण मोबाइल फोन मंदिर परिसर में बिना किसी रोक-टोक के ले जाने की अनुमति होगी. यह फैसला इसलिए लिया गया है कि पाबंदी के बावजूद लोग अंदर फोटो, वीडियो, सेल्फी और सोशल मीडिया रील बना रहे थे.

# राम मंदिर को आज मिलेगा सीईओ

**अयोध्या, 01 सितंबर. श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पहले मुख्य कार्यकारी अधिकारी के चयन की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच गई है. सीईओ के चयन के लिए गठित तीन सदस्यीय समिति ने तीन नामों की सूची ट्रस्ट को सौंप दी है.**

राम मंदिर परिसर में हुई बैठक के बाद समिति के प्रमुख सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति प्रमोद कोहली ने अपनी रिपोर्ट ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि महाराज को दी. अब ट्रस्ट इन तीन नामों में से किसी एक पर अंतिम निर्णय लेगा. 2 सितंबर को होने वाली बैठक में नियुक्ति की घोषणा किए जाने की संभावना है. ट्रस्ट की बैठक दोपहर दो बजे शुरू होनी है. सीईओ की नियुक्ति का



### चयन समिति ने सौंपे 3 नाम

फैसला 6 जुलाई को लिया गया था. श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अयोध्या स्थित राम मंदिर के रोजमर्रा के कामकाज और प्रशासनिक व्यवस्था की निगरानी के लिए इस पद को बनाने का निर्णय किया था. ट्रस्ट की ओर से यह भी स्वीकार किया गया था कि चढ़ावे की चोरी की घटनाओं से उसकी छवि प्रभावित हुई है.

श्रद्धालुओं का भरोसा मजबूत करने के उद्देश्य से सीईओ के चयन की प्रक्रिया शुरू की गई. इसके लिए तीन सदस्यीय खोज समिति बनाई गई थी. इसमें सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति प्रमोद कोहली, सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल विष्णुकांत चतुर्वेदी और श्री साईबाबा संस्थान ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष सुरेश हवारे को शामिल किया गया था. ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि से जब सीईओ के नाम की घोषणा को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि अंतिम निर्णय ट्रस्टी बोर्ड करेगा. उन्होंने उम्मीद जताई कि बैठक में इस संबंध में फैसला हो सकता है.

## चिराग पासवान को जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली.** केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान को जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है. उन्हें डाक के माध्यम से एक पत्र भेजा गया, जिसमें कथित तौर पर हत्या की धमकी दी गई है. घटना की जानकारी सामने आने के बाद उनकी सुरक्षा को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है. चिराग पासवान के कार्यालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए केंद्रीय गृह सचिव को पत्र लिखकर पूरी घटना से अवगत कराया है. कार्यालय की ओर से संबंधित अधिकारियों से आवश्यक कार्रवाई और सुरक्षा संबंधी कदम उठाने का अनुरोध किया गया है.

# इमरान-बुशरा को राहत

### कोर्ट ने दोनों को एकांत कारावास में न रखने के दिए आदेश

**नई दिल्ली, 01 सितंबर. पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को एकांत कारावास में न रखे जाने का आदेश जेल प्रशासन को दिया गया है.**

अदालत ने सख्त निर्देश दिया कि दोनों को जेल मैनुअल के मुताबिक सभी सुविधाएं दी जाएं. इसके साथ ही कोर्ट ने इमरान खान को उनके बेटों से फोन पर बात कराने का भी आदेश दिया है. क्रिकेटर से राजनेता बने 73 वर्षीय खान और उनकी पत्नी अभी रावलपिंडी की अदियाला जेल में कैद हैं. दोनों भ्रष्टाचार और उससे जुड़े अन्य मामलों में जेल की सजा काट रहे हैं. पाकिस्तानी दैनिक





डॉन ने बताया कि इस्लामाबाद हाई कोर्ट (आईएचसी) के जस्टिस खादिम हुसैन सूमरो ने यह फैसला सुनाया. उन्होंने खान और बीबी को कथित तौर पर एकांत कारावास में रखने को चुनौती देनी वाली याचिकाओं को सुनवाई के काबिल माना. कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि खान के पारिवारिक सदस्यों को जेल नियमों के अनुसार उनसे मिलने की इजाजत दी जाए.

## वायुसेना की गाड़ी को ट्रक ने मारी टक्कर

**यमुनानगर.** हरियाणा के यमुनानगर में राष्ट्रीय राजमार्ग पर कैल बाईपास के निकट मंगलवार तड़के सड़क हादसे में वायुसेना के तीन अधिकारी घायल हो गये. पुलिस के अनुसार चंडीगढ़ एयरफोर्स स्टेशन की स्विफ्ट डिजायर गाड़ी में चार लोग सवार थे और वे चंडीगढ़ कमांड से उत्तर प्रदेश के सहारनपुर स्थित सरसावा एयरफोर्स स्टेशन जा रहे थे. यमुनानगर में राजमार्ग पर एक गाड़ी खराब होने से जाम लगा था, इसलिए वे गाड़ी साइड में लगाकर खड़े थे. इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आये ट्रक ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी. टक्कर से गाड़ी का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और गाड़ी डिवाइडर पार कर सड़क की दूसरी तरफ जा पहुंची.


**म.प्र. राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड, भोपाल**

**(कौशल विकास संचालनालय म.प्र.)**

**क्र./एमपीएसएसडीईजीबी/प्रवेश/2026/4881** **भोपाल, दिनांक : 31.08.2026**

**विज्ञप्ति**

**म.प्र. की आईटीआई में प्रवेश 2026 हेतु**

**"पहले आओ पहले पाओ" राउण्ड की प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी**

म.प्र. स्थित शासकीय एवं प्रायवेट आईटीआई में संचालित एनसीवीटी/एससीवीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी विभाग के पोर्टल (www.dsd.mp.gov.in) पर **''प्रवेश रजिस्ट्रेशन 2026''** पर जाकर रजिस्ट्रेशन, च्वाईस फिलिंग एवं रजिस्ट्रेशन में त्रुटिसुधार हेतु निम्नानुसार कार्यवाही कर सकेंगे। अधिक जानकारी के लिये **www.dsd.mp.gov.in** पर देखें।


| स. क्र. | की जाने वाली कार्यवाही | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | **''पहले आओ पहले पाओ''** राउण्ड के अंतर्गत संस्थावार/ व्यवसायवार रिक्त सीटों की जानकारी पोर्टल पर प्रदर्शित करना। | 04.09.2026 |
| 2. | **''पहले आओ पहले पाओ'' राउण्ड**<br>• नवीन रजिस्ट्रेशन/च्वाईस फिलिंग/त्रुटि सुधार हेतु पोर्टल प्रारंभ।<br>• केंडिडेट स्वेच्छा से किसी 01 आईटीआई के किसी 01 ट्रेड की च्वाईस फिलिंग कर सकेंगे।<br>• समस्त रजिस्टर्ड केंडिडेट को प्रवेश हेतु च्वाईस फिलिंग करना अनिवार्य है।<br>• च्वाईस लॉक करने के पश्चात संशोधन किया जाना संभव नहीं है। अत: केंडिडेट को सावधानी पूर्वक आईटीआई/व्यवसाय का चयन करना चाहिए।<br>• च्वाईस फिलिंग करने के पूर्व आईटीआई में व्यवसायवार रिक्त सीटों की संख्या अवश्य जांच कर लेवें।<br>• केंडिडेट को प्रवेश के लिए रु.50 का भुगतान कर च्वाईस लॉक करना होगा, तत्पश्चात अलॉटमेंट लेटर प्रिंट कर संबंधित आईटीआई में प्रवेश हेतु समस्त दस्तावेज की मूल प्रति एवं 02 सेट फोटोकॉपी सहित पहुँचकर वेरिफिकेशन उसी दिवस करवाना होगा।<br>• वेरिफिकेशन के पश्चात प्रवेश फीस का भुगतान कर प्रवेश स्लिप प्रिंट कर आईटीआई में जमा करना होगा।<br>• यदि केंडिडेट द्वारा उपरोक्त प्रक्रिया को पूर्ण नहीं किया जाता है तो उनका अलॉटमेंट संस्था द्वारा अगले कार्यालयीन दिवस में दोपहर 01 बजे के पश्चात निरस्त कर रिक्त सीट अनुसार अन्य आवेदक को प्रवेश दिया जा सकेगा। | 05.09.2026 से 07.09.2026 |

**आवेदकों के लिये महत्वपूर्ण जानकारियां निम्नानुसार हैं:-**

- आईटीआई में महिलाओं के लिये प्रशिक्षण शुल्क में 25 प्रतिशत की कमी की गई है।
- समस्त व्यवसायों में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों के लिये प्रवेश शुल्क को दो किश्तों में जमा करने का प्रावधान किया गया है।
- आईटीआई के विभिन्न ट्रेड में प्रवेश की अधिक जानकारी के लिये नजदीकी शासकीय आईटीआई के हेल्पडेस्क पर अवश्य संपर्क करें। आईटीआई में प्रवेश फार्म भरने की व्यवस्था भी उपलब्ध है।
- **आवेदकों को सूचित किया जाता है कि प्रवेश पोर्टल पर उपलब्ध रिक्त सीटों के किसी 01 आईटीआई के 01 व्यवसाय के लिये रु. 50/- भुगतान करके च्वाईस फिलिंग कर सकते हैं।**
- **प्रवेश पोर्टल पर किसी भी प्रकार की समस्या होने पर संपर्क करें - फोन नं.- 9220407724, 9220407725, 9220407726, ई-मेल– mpitisupport@gmail.com**

म.प्र. माध्यम/127836/2026 **मुख्य कार्यपालन अधिकारी**


## हस्तियों के ट्वीट



महिंद्रा ग्रूप के अध्यक्ष आनंद महिंद्रा ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि पिछले एडिशन में, मैंने एक आइकॉन प्लेयर से पूछा कि क्या उन्हें लीग में मज़ा आ रहा है. उन्होंने कहा कि उन्हें सबसे ज़्यादा मज़ा एक टीम का हिस्सा बनने में आया. चेस एक बहुत ही अकेलापन वाला खेल हो सकता है. लेकिन टेक महिंद्रा ग्लोबल चेस लीग ने उन्हें एक साथ मिलकर लक्ष्य पाने के जोश और आपसी भाईचारे का अनुभव करने का अनोखा मौका दिया. खुद से आगे बढ़कर सोचने का मौका.



अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के चेयरमैन जय शाह ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा किएक यादगार इंटरनेशनल सफ़र का समापन हो रहा है. भारत की आपकी ऐतिहासिक यात्रा के दौरान हुई हमारी मुलाक़ात को याद करते हुए, मैदान पर आपकी बेमिसाल प्रतिभा के साथ-साथ आपका ज़बरदस्त विनम्र स्वभाव भी खास तौर पर याद आता है. आपको व्यक्तिगत रूप से हमारे देश की जर्सी भेंट करना, अलग-अलग खेलों के बीच एक गर्व भरा पल रहा है.

# मलबे में तब्दील इमारतों के बीच जीवन की उम्मीद धूमिल



**काठमांडू, 1 सितंबर (एजेंसी).** नेपाल में 26 अगस्त को आए जल महाप्रलय को 7 दिन बीत चुके हैं. रेस्क्यू का काम बगैर रुके चल रहा है. सेना, पुलिस और राहत दलों के साथ विदेशों से पहुंची विशेषज्ञों की टीम मलबे में लगातार जीवन की तलाश में जुटी हैं, लेकिन पिछले दो दिनों में हाइड्रोपावर की सुरंगों के साथ ही प्रभावित 13 जिलों में एक भी जीवित व्यक्ति नहीं मिला है. ऐसी स्थिति में अब जीवन की धूमिल होती उम्मीदों के बीच चमत्कार ही शेष है. इधर, आपदा में मरने वालों की संख्या 1,003 पर पहुंच चुकी है, जबकि चीन में भी कई लोगों की जानें गयीं है और सैकड़ों लोग लापता हैं. नेपाल के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार 3,916 लोग अब भी लापता हैं. नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह के अनुसार बाढ़ आपदा के बाद से अब तक 11,379 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला जा चुका है. नेपाल पर्यटन बोर्ड के अनुसार, लापता लोगों में 583 विदेशी नागरिक भी शामिल हैं.

### सुरंगों में फंसे सैकड़ों मजदूर

नेपाल में जलविद्युत परियोजनाओं की सुरंगों में फंसे लोगों को निकालने के लिए बचाव अभियान अभी भी जारी है. रसुवा जिले के 'अपर त्रिशूली-1' प्रोजेक्ट में लगभग 300 मजदूरों के टनल में फंसे होने की आशंका जतायी गयी थी. वहीं, 'त्रिशूली-3ए' प्रोजेक्ट के पावरहाउस और टनल में फंसे लगभग 42 तकनीकी कर्मियों तक पहुंचने के लिए नेपाली सेना ड्रिलिंग और ब्लास्टिंग का सहारा ले रही है. त्रिशूली और भोटेकोशी नदी घाटी में लगभग 10 से 12 अलग-अलग जलविद्युत परियोजनाएं काम कर रही थीं.